Navbharat Rajdhani

EDII

10 December, 2021

ईडीआईआई आजीविका उद्यमों को बढ़ावा दे रहा : शुक्ला

पत्रवार्ता

- छत्तीसगढ़ के 4 ब्लॉकों में कर रहा काम
- महिलाओं, विकलांगों, छात्रों, ट्रांसजेंडरों, आदिवासियों पर फोकस

■ नवभारत रिपोर्टर | रायपुर.
www.navabharat.news

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदाबाद आजीविका उद्यमों को बढ़ावा देने देश-विदेश में काम कर रहा है. इसके तहत महिलाओं, विकलांगों, छात्रों, ट्रांसजेंडरों, आदिवासियों को प्रशिक्षण देकर उद्यमी बनाया जाता है. संस्थान के मेंटर द्वारा उनकी हर संभव मदद की जाती है. गुरुवार को राजधानी के एक होटल में आयोजित पत्रवार्ता में ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ल ने उक्त बातें कही. छत्तीसगढ़ हेतु विभिन्न उद्यमिता की परियोजनाओं पर चर्चा करते कहा कि ईडीआईआई पिछले 4 वर्षों से स्टार्टअप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के लिए छत्तीसगढ़ में एसआरएलएम के साथ काम कर रहा है, जो 'बिहान' के रूप में जाना जाता है. ईडीआईआई द्वारा छत्तीसगढ़ के चार आवंटित ब्लॉकों में 8000 से अधिक आजीविका उद्यमों को बढ़ावा दिया गया है. ईडीआईआई ने हाल ही में रायपुर में एक कार्यालय खोला है, ताकि उद्यमिता, शिक्षा, अनुसंधान को बढ़ावा देने शैक्षणिक संस्थानों सरकार और उद्योग के बीच परस्पर निर्भरता और सहयोग का माहौल तैयार किया जा सके और छत्तीसगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में एमएसएमई क्षेत्र को सहायता प्रदान की जा सके.